## बैठक सूचना / उपस्थिति

14-08-2017

आज दिनांक 14-08-2017 को प्रातः 11.00 बजे प्राचार्यजी की अध्यक्षता में महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. (IQAC) कमेटी की एक अति आवश्यक बैठक प्राचार्य कक्ष में निम्नलिखित कार्यावली पर विचार करने के लिए आयोजित की गई, जिसमें अधोहस्ताक्षरी सदस्य उपस्थित रहे –

कार्यावली :–

1– पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार

2– सत्र 2017-18 में महाविद्यालय में गुणवत्ता-संवर्धन के लिए कार्य-योजना पर विचार

3– अन्य विषय अध्यक्षजी की अनुमति से

उपस्थित सदस्य –

1- प्राचार्य (पदेन सभापति)

2- डा० तारेश भाटिया (संयोजक/निदेशक)

3- डा० रामकिशोर गुप्ता (मुख्य अनुशासन अधिकारी)

4- डा० विजय कुमार यादव (सदस्य)

5- डा० शैलजा गुप्ता (सदस्य)

6- डा० सुरेन्द्र सिंह चौहान (सदस्य)

7- डा० हृदयकान्त श्रीवास्तव (सदस्य)

8- डा० मंजू जौहरी (सदस्य) Manju Johri

| कार्यविली | प्रस्ताव |
| --- | --- |
| 1- पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार | 1- सर्वसम्मति से पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गयी। |
| 2- सत्र 2017-18 में महाविद्यालय में गुणवत्ता-संवर्धन के लिए कार्य-योजना पर विचार | 2- सत्र 2017-18 में महाविद्यालय के गुणवत्ता-संवर्धन के लिए सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गए- (i) महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाए। (ii) शोध-कार्य को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को मौलिक शोध-पत्र लेखन एवं प्रकाशन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। (iii) छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास एवं उनकी अन्तर्निहित प्रतिभाओं के प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय में युवा-महोत्सव का आयोजन किया जाए। (iv) महाविद्यालय की समस्त अंतरंग समितियों के प्रभारियों को अपने समस्त दस्तावेज़ों को अद्यतन पूर्ण करने और सम्बन्धित समितियों के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए निर्देश दिये गए। (V) महाविद्यालय में विद्यार्थियों के पठन-पाठन हेतु सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया जाए (VI) महाविद्यालय की सभी प्रयोगशालाओं के उपकरणों की जाँच करने के लिए सहमति बनी और प्रस्ताव पारित हुआ कि जो भी विसंगतियाँ पायी जाती हैं उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। |
| 3- अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से | 3- कोई प्रस्ताव नहीं |

IQAC, संयोजक
डी॰वी॰ सी॰, उरई

## बैठक सूचना / उपस्थिति

07-02-2018

आज दिनांक 07-02-2018 को प्रातः 11:30 बजे प्राचार्यजी की अध्यक्षता में महाविद्यालय की आई. क्यू. ए. सी. (IQAC) कमेटी की एक अति आवश्यक बैठक प्राचार्य-कक्ष में निम्नलिखित कार्यावली पर विचार करने के लिए आयोजित की गई, जिसमें अधोहस्ताक्षरी सदस्य उपस्थित रहे -

कार्यावली :-

1- पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार
2- सत्र पर्यन्त आई. क्यू. ए. सी (IQAC) द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा
3- आगामी सत्र के लिए कार्य-योजना पर विचार
4- अन्य विषय अध्यक्षजी की अनुमति से

उपस्थित सदस्य -

1- प्राचार्य (पदेन सभापति)
2- डा० तारेश भाटिया (संयोजक / निदेशक)
3- डा० रामकिशोर गुप्ता (मुख्य अनुशासन अधिकारी)
4- डा० विजय कुमार यादव (सदस्य)
5- डा० शैलजा गुप्ता (सदस्य)
6- डा० सुरेन्द्र सिंह चौहान (सदस्य)
7- डा० हृदयकान्त श्रीवास्तव (सदस्य)
8- डा० मंजू जौहरी (सदस्य) Manju Johri

| कार्यावली | प्रस्ताव |
|---|---|
| 1- पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार | 1- सर्वसम्मति से पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई। |
| 2- सत्र पर्यन्त IQAC द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा | 2- सत्र पर्यन्त IQAC द्वारा किये गए कार्यों की समिति द्वारा समीक्षा की गई एवं सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि अगले सत्र में महाविद्यालय में शोधपरक वातावरण बनाने हेतु मौलिक शोध-कार्य को प्रोत्साहन देने पर ज़ोर दिया जाए। |
| 3- आगामी सत्र के लिए कार्य-योजना पर विचार | 3- अगले सत्र में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न पाठ्येतर कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव किया गया। इसी क्रम में छात्राओं के लिए महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। इसके अतिरिक्त समाज के महापुरुषों से प्रेरणा लेने के लिए विभिन्न महापुरुषों की जयन्ती मनाने का भी प्रस्ताव पारित हुआ। |
| 4- अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से | 4- कोई प्रस्ताव नहीं |

IQAC संयोजक
डी॰ वी॰ सी॰, उरई